53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 13.0°c
अधिकतम 26.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:40, सूर्यास्त - 6:21 | वर्ष : 53/ अंक : 63 | बुधवार, 05 मार्च 2025 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

कुछ उलझनों के हल वक्त पर छोड़ देने चाहिएं, बेशक जवाब देर से मिलेंगे, लेकिन बेहतरीन होंगे।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

आठ वर्षों में बदली उत्तर प्रदेश की किस्मत जीएसडीपी हुई दो गुनी से अधिक : योगी



फिर भी जिन्हें कमियाँ निकालनी है वे निकालेंगे.......

# भाकियू नेता ने की मर्यादाएं तार-तार, कोतवाली प्रभारी की माता के प्रति कहे अमर्यादित शब्द

- तीन दिन पहले खतौली कोतवाली प्रभारी की दिवंगत मां के प्रति अपशब्द कहने पर ब्राह्मण समाज में रोष, पुलिसकर्मी भी नाराज
- अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने भाकियू अध्यक्ष नरेश टिकैत से मिलकर प्रकरण में नाराजगी प्रकट करने का लिया निर्णय

**खतौली, 04 मार्च (बु.)।** तीन दिन पूर्व कोतवाली में धरने पर बैठे भाकियू नेताओं द्वारा इन्सानियत की सभी सीमा को लांघने व मर्यादा को कलंकित करते हुए कोतवाली प्रभारी की स्वर्गीय माता जी के सम्बंध में अपशब्द बोले जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल होने से जहां पुलिस कर्मियों में आक्रोश बन रहा है, वहीं अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज की आपातकाल बैठक में जन्मदाता मां के सम्बंध में बोलने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर ब्राह्मण महासभा के एक प्रतिनिधिमण्डल भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत से मिलने का निर्णय लिया है।



मिली जानकारी के अनुसार गत दिनों अपनी मांगों को लेकर भाकियू नेताओं द्वारा किसानों के साथ खतौली कोतवाली में धरना दिया गया था। धरने पर बैठे भाकियू नेताओं ने इन्सानियत की सभी हदें उस समय पार कर दी, जब एक भाकियू नेता ने आवेश में आकर कोतवाली प्रभारी ब्रजेश शर्मा की स्वर्गीय माता जी के बारे में अपशब्द बोलकर इन्सानियत को ही कलंकित नही किया, बल्कि मां के सम्मान को ही तार तार कर दिया गया। कोतवाली में चल रहे धरने के दौरान भाकियू नेता के उक्त घृणित ब्यान की वीडियो वायरल होने से जहां पुलिस कर्मियों सहित आमजन में आक्रोश का उबाल नजर आ रहा है। दूसरी ओर जमना विहार कालोनी स्थित भगवान परशुराम मंदिर में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की एक आपात बैठक महासभा के अध्यक्ष केपी शर्मा की अध्यक्षता में आहूत हुई, जिसमें वक्ताओं ने कोतवाली प्रभारी ब्रजेश शर्मा की माता जी को लेकर भाकियू नेता द्वारा दिये गये शर्मनाक ब्यान में भारी रोष व्यक्त करते हुए कहा कि भाकियू नेता ने कोतवाली प्रभारी की स्वर्गीय माता जी के सम्बंध में जो अपशब्द कहे वह मां के सम्मान को कलंकित करने जैसा है। वक्ताओं ने कहा कि खेद का विषय है कि धरने पर बैठे भाकियू के वरिष्ठ नेताओं व बुजुर्ग लोग भी मां शब्द को अपमानित करने वाले के समर्थन में ताली बजा रहे थे, वहीं भाकियू के राष्ट्रीय नेताओं द्वारा अभी तक इस पर कोई कार्यवाही न किया जाना चिन्ता का विषय है। बैठक में इस सम्बंध में महासभा प्रतिनिधि मण्डल द्वारा भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत से मिलने का निर्णय लिया गया। बैठक में केपी शर्मा, महामंत्री मुकेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, नीरज शर्मा, जेबी कौशिक, विनोद शर्मा सहित महासभा सदस्य मौजूद रहे।

## उधर लगा जीत का छक्का, इधर शिव चौक पर लगे भारत माता के जयकारे


**मुजफ्फरनगर, 04 मार्च (बु.)।** कुछ दिन पूर्व पाकिस्तान पर भारत की जीत के बाद शिवचौक पर आतिशबाजी और जोश का माहौल था। मंगलवार की शाम आस्ट्रेलिया पर विजय प्राप्त करने के बाद फिर एक बार शिवचौक पर जय जश्न दिखाई दिया और देर रात सैंकड़ों लोग शिवचौक पर पहुंचे और भारत माता की जय व वन्दे मातरम के नारे लगाते हुए जीत की खुशी मनाई। इस मौके पर भगवान भोलेनाथ के समक्ष घंटा बजाकर जश्न मनाया गया, वहीं तिरंगा लेकर युवक आतिशबाजी करते दिखाई पड़े। मंगलवार को आस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 265 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में भारत ने सधी हुई शुरूआत करते हुए अपनी पारी मजबूत बनाया मगर समय-समय पर गिरते विकेटों को एक छोर से विराट कोहली ने थामे रखा। जीत की तहलीज पर पहुंचकर जब विराट कोहली का विकेट गिरा तो क्रिकेट प्रेमियों को घोर निराशा हुई, मगर मैदान में आये हार्दिक पांडेय ने जब लगातार गगनचुम्बी छक्के उड़ाये तो स्टेडियम के साथ नगर के क्रिकेट प्रेमी भी अपनी खुशी को व्यक्त करने से रोक नहीं पाये जैसे ही जीत का छक्का मैदान में लगा, तो नगर में घरों से निकलकर क्रिकेटप्रेमी सड़कों पर उतर आये। लोगों का हुजूम नगर में जगह-जगह लगा, किसी ने हनुमान चौक पर तो किसी शिवचौक पर तो किसी मंडी के प्रमुख चौराहों पर निकाल पर भारत माता की जय जयकारों के साथ जमकर आतिशबाजी भी की। कुल मिलाकर आज सेमीफाइनल में मिली भारत की जीत पर नगर का प्रत्येक क्रिकेट प्रेमी खुश नजर आया।



## बाइक व कार की भिड़ंत में ठेकेदार की मौत

**मुजफ्फरनगर, 04 मार्च (बु.)।** देर रात भोपा के कासमपुर और रहकड़ा के बीच बाइक व कार की जबरदस्त भिड़ंत में सिखेड़ा निवासी सतीश प्रजापति की मौके पर ही मौत हो गयी। देर रात उस समय सतीश प्रजापति की उस समय दर्दनाक मौत हो गयी, जब वह अपनी लेबर के लिए भोजन लेकर जा रहे थे। बताया गया है कि मोटर साइकिल की भिड़ंत गाड़ी से इतनी भयंकर थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी और मोटर साइकिल कार के अगले पहिये में फंस गयी। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि सतीश प्रजापति ने अपने डम्पर चला रखे हैं, जिस पर बाहर की लेबर लगी है। इसी लेबर के लिए सतीश प्रजापति भोजन लेकर जा रहे थे तभी अचानक तेज रफ्तार कार से उनकी भिड़ंत हो गयी और मौके पर ही उनकी मौत हो गयी। भिड़ंत के बाद क्षेत्र के लोग मौके पर इकट्ठा हो गये तो बाद में सतीश की पहचान सिखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव भंडूर के रूप में हुई हुई। जैसे ही मौत की सूचना सतीश के परिजनों को लगी तो परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस दुर्घटना की जानकारी के लिए मौके पर पहुंची। बताया जाता है कि सतीश प्रजापति पेश से डॉक्टर भी थे।





## बेहद शर्मनाक.... नन्हें-नन्हें बच्चे हैड मास्टर के अश्लील फिल्में देखने की शिकायत लेकर डीएम के पास पहुंचे

**मुजफ्फरनगर, 04 मार्च (बु.)।** ऐसा नजारा कितना शर्मसार कर देने वाला होगा कि जिस स्कूल के बच्चे हैड मास्टर की शिकायत लेकर डीएम के पास पहुंचते हो और वह शिकायत भी कोई मारपीट की नहीं बल्कि स्वयं हेडमास्टर पर कक्षा में अश्लील फिल्में देखने की हो। बच्चों व बच्चों के परिजनों द्वारा इस तरह के आरोप ही अपने आप में शिक्षा के मंदिरों में पढ़ा रहे हैड मास्टर के लिए शर्मसार कर देने वाला है। हाथों से लिखे प्रार्थना-पत्र को लेकर जब आज फुगाना के प्राथमिक विद्यालय नम्बर-2 के बच्चे डीएम साहब के पास परिजनों के साथ पहुंचे तो इस शिकायत को सुनकर सब हैरत में रह गये। बच्चों के साथ उनके परिजन भी इस बात की गवाही देने के लिए वहां पहुंचे थे। मीडिया के कैमरे के सामने परिजनों ने अपनी व्यथा बयां की और बताया कि कुछ दिनों से उनके बच्चे स्कूल में जाने से आनाकानी कर रहे थे, जब परिजनों ने जोर देर बच्चों से पूछा तो बच्चों ने बताया कि हैड मास्टर के विषय में बताया कि स्वयं हैडमास्टर बच्चों के सामने ही अश्लील फिल्में देखता है। बच्चों ने जब हैड मास्टर को ये सब करते देखा तो उसे शर्मशार भी किया तथा इसकी शिकायत जब स्कूल के ही शिक्षक सूर्यप्रताप ने की तो उसे स्कूल से हटा दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वयं बीएसए संदीप कुमार भी शिकायत पर संज्ञान लेने के लिए डीएम आफिस पहुंचे और बताया कि वास्तव में हैड मास्टर के विरूद्ध ऐसा मामला सामने आया है और हाथो हाथ जांच के लिए विशेष टीम बनाने की बात कहीं और कहा कि उक्त मामले में वें खुद जांच का हिस्सा रहेंगे और दोषी के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही होगी। बताया जाता है कि इसी मामले में हैड मास्टर और शिक्षक सूर्यप्रताप के बीच विवाद हुआ है। अब देखना यह होगा कि इस मामले में सच्चाई का खुलासा कब तक हो पाता है।



फिलहाल उक्त समाचार को जिसने भी सुना उसने एक ही बात कहीं कि न जाने देश का भविष्य बनाने वाले कुछ शिक्षक आखिर निर्लज्जता की कौन कौन सी हदें पार करेंगे।

## ओवरलोड ट्रक से दो मौतों के बाद आखिर जाग ही गया प्रशासन

**मुजफ्फरनगर, 4 मार्च (बु.)।** नगर में हरेक अनैतिक काम पर तभी लगाम लगाई जाती है, जब कोई बड़ा हादसा होकर गुजर जाए। उससे पहले प्रशासन की पूरी धींगामुश्ती देखने को मिलती है। सोमवार को मंसूरपुर क्षेत्र में मिल परिसर के अंदर ओवरलोड ट्रक पलटने से दो गरीब कर्मचारियों की मौत हो गयी थी। मौत के बाद मंगलवार को प्रशासन जागा और फिर एक बार चीनी मिल प्रबंधकों से अपील की कि वह ओवरलोड वाहन को मिल में प्रवेश न दें व वाहन स्वामी ओवरलोड करके वाहनों को सड़कों पर न चलायें। यदि वाहन स्वामी ओवर लोडेड वाहनों को लेकर राजमार्ग पर चलते हैं तो आमजन को परेशानियों का सामना तो करना ही पड़ता है साथ ही साथ बड़े हादसों का डर भी रहता है। ट्रैफिक पुलिस अब ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा कसने की तैयारी में है। फिलहाल पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा अपील की गयी है कि कोई भी ट्रैक्टर ट्रॉला, ट्रक चालक, डीसीएम या अन्य कोई वाहन चालक ओवरलोड करता न दिखे नहीं तो उनके खिलाफ अभियान चलाकर इन पर बड़ी कार्यवाही की जाएगी। ट्रैफिक विभाग द्वारा की गयी इस अपील से ओवरलोड करने वाले वाहन चालक रुकते हैं या नहीं अब यह देखना होगा, क्योंकि चंद दिन सड़कों पर उतरकर विभाग चालान काटने के लिए तो तत्पर रहेगा, पर क्या वास्तव में सख्ती के साथ जानलेवा बन चुके इन ओवरलोड वाहनों को पूरी तरह से रोक पाएगा अथवा नहीं, इस पर अभी प्रश्नचिह्न लगा रहेगा। प्रशासन की अनदेखी के कारण ही ओवरलोड करने वालों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे नियम कानूनों को ताक पर रखकर क्षमता से डेढ़ से दो गुना भार लादकर इन वाहनों में खुलेआम अपनी हठधर्मी करते देखे जा सकते हैं। यदि मंसूरपुर में दो लोग इस ओवरलोडेड ट्रक की बलि न चढ़ते तो शायद प्रशासन अभी भी सोया हुआ ही दिखाई देता।

## तेज रफ्तार ट्रक ने भैंसा बोगी को मारी टक्कर, किसान की मौत

**मुजफ्फरनगर, 4 मार्च (बु.)।** मंगलवार को दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना मंसूरपुर के गांव नावला कोठी के पास तेज रफ्तार ट्रक ने एक भैंसा बोगी में उस समय टक्कर मार दी, जब मंसूरपुर के गांव नावला का ही निवासी 55 वर्षीय मोबीन पुत्र जुम्मा व निजामुद्दीन पुत्र अलाउद्दीन दोनों मिलकर भैंसा बोगी में गन्ना लादकर मंसूरपुर स्थित मिल में जा रहे थे, तभी नावला कोठी के पास ही एक अनियंत्रित ट्रक ने भैंसा बोगी में टक्कर मार दी तो भैंसा बोगी हाइवे पर ही पलट गयी, जिसमें दोनों किसान गन्नों के नीचे दब गए। हादसे को देख आसपास के लोग वहां इकट्ठा हुए और मशक्कत के बाद दोनों को गन्नों के बीच से निकाला गया व मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां मोबीन को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और गंभीर अवस्था में निजामुद्दीन का इलाज चल रहा है। मृतक किसान मोबीन की मौत से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। पुलिस का कहना है कि घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है।

## अवैध वसूली का अड्डा बना जीआईसी मैदान का पार्क

**अधिवक्ता की शिकायत पर मौके पर पहुंची सिविल लाइन पुलिस दावाः अवैध पार्किंग वसूली की डीएम से होगी शिकायत**

**मुजफ्फरनगर, 04 मार्च (बु.)।** सरकुलर रोड पर स्थित जीआईसी मैदान पर एमडीए द्वारा बनाए महाराजा परीक्षित हैप्पीनेस पार्क तमाम अव्यवस्थाओं के बीच आए दिन विवाद व हंगामों का कारक बनता दिखाई दे रहा है। यहां जिम्मेदारों की अनदेखी एवं उपेक्षा के चलते टैण्डर छोड़े बिना ही लोगों से शुल्क वसूली करने से कई बार हंगामा हो चुका है। अब यहां पर पार्किंग वसूली को लेकर तमाम शिकायत मिल रही है, लेकिन उक्त दोषियों पर कार्रवाई होने के बजाए मामले को दबा दिए जाने से कभी भी बड़ा हंगामा हो जाए, तो गलत न होगा। जीआईसी मैदान में सस्ता एवं सुलभ मनोरंजन उपलब्ध कराने को जीआईसी






शेष - पृष्ठ-4 पर

### बहराइच में राजस्व निरीक्षक के पुत्र ने की आत्महत्या

**बहराइच, 04 मार्च (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले की नानपारा तहसील में सुजौली थाना क्षेत्र के बर्दिया गांव निवासी राजस्व निरीक्षक रामपाल चौधरी का पुत्र अमन (25) शहर में शिक्षण के लिए कोंचिग कर रहा था और किराए पर कमरा लेकर रह रहा था। बीती देर रात अमन वह अपने कमरे में चला गया और फांसी लगा ली।




## मकान जमींदोज करने वालों का वीडियो वायरल

### पांच महिलाएं जेल भेजी, अब पीड़ित को मिली हत्या की धमकी

**बुढ़ाना, 04 मार्च (बु.)।** लगभग 07 घंटों तक मकान में तोड़फोड़ करने वाले कई आरोपियों का मकान को तोड़ते हुए कुछ देर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में साफ दिखाई पड़ रहा है कि दर्जनों आरोपी बेखौफ होकर पीड़ित के मकान को किस तरह बेदर्दी से घन, हथौड़े और कुदाली मारकर तोड़ रहे हैं। कुछ महिलाएं भी आरोपियों का साथ दे रही हैं। खबर है कि इस मामले में बुढ़ाना पुलिस ने 5 महिलाओं को गंभीर धाराओं मे जेल भेजा है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गयी है। उधर इस मामले में फरार आरोपी अब पीड़ित पक्ष को मुकदमा वापस न लेने पर हत्या की धमकी दे रहे हैं। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव उमरपुर निवासी नूरजहां पत्नी नौशाद अंसारी ने बताया कि उसके ससुरालिए गांव उमरपुर में स्थित एक मकान में करीब 70 साल से रह रहे हैं, जो 242 गज है। मकान में 6 कमरे, लेट्रीन, बाथरुम, रसोई और दुकान बनी हैं। कुछ समय से गांव के युसुफ सलमानी इस मकान को अपना बताकर उनके खिलाफ बुढ़ाना न्यायालय में वाद दायर किए हुए है, जो विचाराधीन है। बीते 3 मार्च को युसुफ आदि ने उनके घर में घुसकर उनके साथ मारपीट, गाली-गलौच छेड़खानी कर उन्हें घर से निकाल दिया और लड़कियों की शादी के लिए घर में रखा दहेज का कीमती सामान कब्जे में कर घर में रखे अन्य घरेलू सामान को बाहर फेंककर मकान में बने 6 कमरों, दुकान, लेट्रीन और बाथरूम को घन, हथौड़ों, कुदाली व अन्य साधनों से तोड़कर जमींदोज कर दिया और अपनी भैंसें बांध दी। किसी ने तोड़फोड़ की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस ने 5 महिलाओं को हिरासत में लेकर आरोपियों की भैंसों को बाहर निकालकर पीड़ित का गली के बाहर बिखरा पड़ा सामान मकान के अंदर रखवाया। बुढ़ाना पुलिस ने फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़िता ने 10 लाख रुपए का नुकसान बताया है। फिलहाल पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे पड़ा है और बुढ़ाना पुलिस से इंसाफ की गुहार लगा रहा है।





